# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था
# (Indian Constitution & Polity)

## 1. भारत का संवैधानिक विकास

1. किस अधिनियम के तहत भारतीयों को भारत मंत्री की भारत परिषद् तथा वायसराय की कार्यकारिणी परिषद् में नियुक्ति हुई?
   (a) 1861 के भारतीय परिषद् अधिनियम
   **(b) 1909 के भारतीय परिषद् अधिनियम**
   (c) 1869 के भारतीय परिषद् अधिनियम
   (d) 1861 के भारतीय परिषद् अधिनियम
2. सर लायोनिल कार्टिस ने द्वैध शासन को जन्म दिया। प्रान्तों में द्वैध शासन प्रणाली शुरू की गई?
   (a) 1935
   (b) 1928
   **(c) 1919**
   (d) 1920
3. किस अधिनियम में केन्द्र तथा प्रान्तों के बीच शक्तियों का विभाजन संघीय सूची, प्रान्तीय सूची तथा समवर्ती सूची में किया गया?
   **(a) 1935 के अधिनियम में**
   (b) 1858 के अधिनियम में
   (c) 1919 के अधिनियम में
   (d) 1909 के अधिनियम में
4. 1935 के अधिनियम को 'अनैच्छिक अप्रजातांत्रिक, अराष्ट्रवादी संविधान' की संज्ञा किसने दी?
   (a) महात्मा गाँधी
   (b) सी. राजगोपालाचारी
   **(c) पंडित जवाहरलाल नेहरू**
   (d) पंडित मदन मोहन मालवीय
5. निम्नलिखित किस अधिनियम के अन्तर्गत ब्रिटिश शासन का अन्त हुआ?
   (a) भारतीय परिषद् अधिनियम 1919 द्वारा
   (b) माउंट बेटन योजना द्वारा, 1935
   (c) भारत सरकार अधिनियम 1858 द्वारा
   **(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 द्वारा**
6. भारत सचिव के पद की समाप्ति निम्न में से कौनसे एक्ट द्वारा की गई?
   (a) 1935 का भारत शासन अधिनियम
   **(b) 1947 का भारत स्वतंत्रता अधिनियम**
   (c) 1919 का भारत शासन अधिनियम
   (d) 1909 का भारत शासन अधिनियम
7. निम्नलिखित किस अधिनियम द्वारा भारत में दास-प्रथा को प्रतिबंधित किया?
   (a) 1861 के परिषद् अधिनियम द्वारा
   (b) 1793 के चार्टर अधिनियम द्वारा
   (c) 1786 के अधिनियम द्वारा
   **(d) 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा**
8. 1833 के चार्टर एक्ट द्वारा गठित विधि आयोग की अध्यक्षता किसने की?
   (a) कैनिंग
   **(b) मैकाले**
   (c) वॉरेन हेस्टिंग्स
   (d) इनमें से कोई नहीं
9. 1861 के भारतीय परिषद् अधिनियम द्वारा किसने भारत में सर्वप्रथम विभागीय प्रणाली (Portfolio System) की शुरूआत की?
   (a) लॉर्ड क्रास
   **(b) लॉर्ड कैनिंग**
   (c) लॉर्ड मैकाले
   (d) वॉरेन हेस्टिंग्स
10. निम्नलिखित में किसने 1909 के मार्ले-मिण्टो सुधार को कांग्रेस के उदारवादियों के लिए रिश्वत कहकर आलोचना की?
   (a) पट्टाभि सीतारमैया
   (b) ए. ओ. ह्यूम
   **(c) डॉ. के. एम. मुंशी**
   (d) इनमें से कोई नहीं
11. निम्नलिखित किस अधिनियम के तहत केन्द्र में द्विसदनात्मक विधायिका की स्थापना की गई?
   **(a) 1919 के भारत सरकार अधिनियम के तहत**
   (b) 1935 के भारत सरकार अधिनियम के तहत
   (c) 1909 के भारत सरकार अधिनियम के तहत
   (d) इनमें से कोई नहीं
12. कथन (A) : भारत की संघात्मक संरचना का मुख्य उद्देश्य इसकी बहुआयामी विविधताओं में से एक राष्ट्र का निर्माण करना और राष्ट्रीय एकता को संरक्षित करना था।
   कथन (R) : विविधताओं के समंजन से एक सशक्त, न कि कमजोर, भारतीय राष्टीयता का निर्माण हुआ है।
   (a) (A) गलत है पर (R) सही है।
   (b) (A) सही है पर (R) गलत है।
   (c) (A) और (R) दोनों अपने आप में सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
   **(d) (A) और (R) दोनों अपने आप में सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।**
13. निम्न में से भारत सरकार अधिनियम 1919 के बारे में असत्य कथन को चिह्नित कीजिए -
   **(a) भारत सरकार अधिनियम, 1919, 1921 में लागू हुआ।**
   (b) इस अधिनियम में केन्द्रीय एवं प्रांतीय विषयों को अलग कर दिया गया था।
   (c) मोन्टेग्यू भारत के राज्य सचिव एवं लॉर्ड चेम्सफोर्ड भारत के वायसराय थे।
   (d) यह अधिनियम मोर्ले-मिन्टो सुधार अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है।

# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था
# (Indian Constitution & Polity)

14. निम्न में से एक भारत सरकार अधिनियम, 1935 की मुख्य विशेषताओं में से नहीं थी –
   (a) यह प्रांतीय स्वायत्ता के सूत्रपात का संकेत था।
   (b) इसने प्रान्तीय स्तर पर द्वैध शासन प्रणाली को समाप्त कर केन्द्र में लागू किया।
   (c) अवशिष्ट विषय प्रांतीय विधायिकाओं को आवंटित किए गए थे।
   **(d) इस अधिनियम में अखिल भारतीय महासंघ का प्रावधान था।**
15. मद्रास और बम्बई प्रेसीडेंसी को बंगाल प्रेसीडेंसी के अधीन किस एक्ट के तहत किया गया?
   (a) 1793 का चार्टर एक्ट
   (b) 1786 के अधिनियम
   **(c) 1773 के रेग्यूलेटिंग एक्ट**
   (d) 1813 के चार्टर एक्ट
16. वॉरेन हेस्टिंग्स ने किस एक्ट के तहत शासन किया?
   **(a) 1773 के रेग्यूलेटिंग एक्ट**
   (b) 1833 के चार्टर एक्ट
   (c) 1784 के पिट्स इंडिया एक्ट
   (d) इनमें से कोई नहीं
17. निम्न में से किस अधिनियम के द्वारा प्रान्तों में आंशिक उत्तरदायी सरकार की स्थापना की गई?
   (a) भारत शासन अधिनियम, 1935
   (b) भारत परिषद् अधिनियम, 1909
   (c) भारत परिषद् अधिनियम, 1892
   **(d) भारत शासन अधिनियम, 1919**
18. 1833 के चार्टर एक्ट के तहत बंगाल के गवर्नर जरनल को –
   **(a) पूरे भारत का गवर्नर जनरल बना दिया गया।**
   (b) मात्र बंगाल का गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया।
   (c) मद्रास का भी गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया।
   (d) वापस इंग्लैंड बुलाकर गवर्नर जनरल का पद समाप्त कर दिया गया।
19. भारतीय कानून को संहिताबद्ध करने के उद्देश्य से 'विधि आयोग' का गठन किस एक्ट के अधीन किया गया?
   **(a) 1833 के चार्टर एक्ट**
   (b) 1861 के भारतीय परिषद् अधिनियम
   (c) 1919 के सरकार अधिनियम
   (d) 1909 के भारतीय परिषद् अधिनियम
20. 1935 के अधिनियम को किसने 'दासता का नया चार्टर' कहा?
   (a) मुहम्मद अली जिन्ना
   (b) महात्मा गाँधी
   **(c) जवाहर लाल नेहरू**
   (d) सुभाष चन्द्र बोस
21. भारतीय विधानपालिका प्रथम बार द्वि-सदनीय बनाइ गई?
   (a) 1909 के भारतीय कौंसिल एक्ट द्वारा
   **(b) 1919 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा**
   (c) 1935 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा
   (d) 1892 के भारतीय कौंसिल एक्ट द्वारा
22. किस भारत सरकार अधिनियम के द्वारा केन्द्र में द्वैधशासन प्रणाली लागू की गई?
   (a) 1947 के भारत स्वतंत्रता अधिनियम द्वारा
   **(b) 1935 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा**
   (c) 1909 के मार्ले मिण्टो सुधार द्वारा
   (d) 1919 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा
23. 1909 में लाये गये मार्ले मिण्टो सुधार का मुख्य उद्देश्य क्या था?
   **(a) पृथक निर्वाचन व्यवस्था**
   (b) नरमपंथियों को भ्रमित करना
   (c) उग्रपंथियों के बढ़ते प्रभाव को रोकना
   (d) ये सभी
24. निम्नलिखित में से किस अधिनियम में कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का प्राविधान किया गया था?
   (a) चार्टर एक्ट, 1813
   (b) चार्टर एक्ट, 1833
   (c) पिट् का भारत अधिनियम, 1784
   **(d) रेग्यूलेटिंग एक्ट, 1773**
25. 1919 के भारत शासन अधिनियम की निम्नलिखित में से कौनसी प्रमुख विशेषता/विशेषताएँ है/हैं?
   (a) प्रान्तों की कार्यकारिणी सरकार में द्वैध-शासन की व्यवस्था।
   (b) मुसलमानों के लिए पृथक साम्प्रदायिक निर्वाचक - मण्डलों की व्यवस्था।
   (c) केन्द्र द्वारा प्रान्तों को विधायिनी शक्ति का हस्तांतरण।
   निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए –
   (a) केवल 2 और 3
   (b) 1, 2 और 3
   (c) केवल 1
   **(d) केवल 1 और 3**
26. राष्ट्रपति की अध्यादेश निर्गत करने की शक्ति प्रेरित है –
   **(a) भारत सरकार अधिनियम, 1935**
   (b) भारत सरकार अधिनियम, 1947
   (c) भारत सरकार अधिनियम, 1919
   (d) भारत सरकार अधिनियम, 1909
27. वर्ष 1919 के भारत सरकार अधिनियम ने –
   1. केन्द्र में द्विसदनीय विधान मण्डल स्थगित किया।
   2. प्रान्तीय कार्यकारिणी में द्विशासन आरम्भ किया।
   3. भारत में संघीय शासन प्रणाली को आरम्भ किया।
   (a) 1 और 3
   (b) 1 और 2
   **(c) 2 और 3**
   (d) 1, 2 और 3

28. भारत में ब्रिटिश शासनकाल की अवधि में बनाए गए निम्न अधिनियमों में से किसे 'निक्षेपण अधिनियम' (Devolution Rule) के नाम से जाना जाता है?
   (a) भारत शासन अधिनियम, 1935
   **(b) भारत शासन अधिनियम, 1919**
   (c) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909
   (d) भारत शासन अधिनियम, 1935

29. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए -

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (i) नियंत्रण परिषद की स्थापना। | 1. नियामक अधिनियम 1773 |
| (ii) सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना। | 2. पिट्स का भारतीय अधि-नियम 1784 |
| (iii) इंग्लिश मिशनरियों को भारत में कार्य करने की अनुमति। | 3. चार्टर अधिनियम 1813 |
| (iv) गवर्नर जनरल की परिषद में कानूनी सदस्य की नियुक्ति। | 4. चार्टर अधिनियम 1833 |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| **(c)** | **2** | **1** | **3** | **4** |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

30. 1935 के अधिनियम द्वारा स्थापित संघ में अवशेष शक्तियाँ किसको दी गई थी?
   (a) प्रांतीय गवर्नरों को
   **(b) गवर्नर जनरल को**
   (c) प्रांतीय विधानमण्डल को
   (d) संघीय विधानपालिका को

31. कैबिनेट मिशन योजना के विषय में कौनसा सही नहीं है?
   (a) संविधान निर्माण का अधिकार
   (b) प्रान्तीय समूहीकरण
   (c) भारतीय सदस्यों वाला अन्तरिम मंत्रिमण्डल
   **(d) पाकिस्तान की स्वीकृति**

32. कालक्रमेण सुमेलित कीजिए -
   1. रेग्यूलेटिंग एक्ट　　2. पिट्स इण्डिया एक्ट
   3. पिट्स एक्ट　　4. महारानी घोषणा पत्र
   (a) 3, 4, 2, 1
   (b) 1, 2, 4, 3
   **(c) 1, 3, 2, 4**
   (d) 1, 2, 3, 4

33. भारत संघ की बात किस एक्ट में कही गई?
   (a) 1947
   (b) 1909
   (c) 1919
   **(d) 1935**

34. मुसलमानों को पृथक निर्वाचन का अधिकार मिला ......?
   (a) 1919 के एक्ट से
   (b) 1947 के एक्ट से
   **(c) 1909 के एक्ट से**
   (d) 1935 के एक्ट से

35. सिविल सेवा के लिए प्रतिस्पर्द्धा परीक्षा की व्यवस्था सिद्धान्त रूप में निम्नांकित वर्ष में स्वीकार की गई थी .......?
   (a) 1858
   (b) 1882
   (c) 1833
   **(d) 1853**

36. 1935 के भारत सरकार अधिनियम में क्या शामिल नहीं है?
   **(a) साइमन कमीशन का गठन किया गया।**
   (b) बर्मा को भारत से अलग करना।
   (c) एक संघीय न्यायालय की रचना की।
   (d) संघीय सरकार की स्थापना की।

37. प्रान्तीय स्वायत्तता की शुरूआत किस अधिनियम के द्वारा हुई?
   **(a) 1935**
   (b) 1909
   (c) 1919
   (d) इनमें से कोई भी नहीं

38. 1935 के अधिनियम द्वारा -
   (a) प्रान्तीय स्वायत्तता दी गई
   (b) गवर्नर जनरल को विशेष अधिकार दिया गया
   (c) एक संघ न्यायालय की स्थापना की गई
   **(d) ये सभी**

39. भारत में पहली बार संसदीय प्रणाली की साधारण शुरूआत किस अधिनियम से होती है?
   **(a) 1892 के अधिनियम द्वारा**
   (b) 1858 के अधिनियम द्वारा
   (c) 1853 के अधिनियम द्वारा
   (d) 1935 के अधिनियम द्वारा

40. भारत का गवर्नर जनरल भारत का 'वायसराय' कहा जाने लगा-
   (a) 1861 के अधिनियम द्वारा
   **(b) 1858 के अधिनियम द्वारा**
   (c) 1853 के अधिनियम द्वारा
   (d) 1935 के अधिनियम द्वारा

41. 'भारतीय स्वतंत्रता का मैग्नाकार्टा' कहा गया ..........?
   (a) 1935 के अधिनियम को
   (b) 1858 के अधिनियम को
   **(c) महारानी के घोषणा पत्र को**
   (d) इनमें से कोई नहीं
42. भारत शासन अधिनियम 1919 मुख्यतया किस पर आधारित था?
   **(a) मांटेग्यू - चेम्सफोर्ड सुधार**
   (b) नेहरू रिपोर्ट
   (c) मार्ले - मिंटो सुधार
   (d) रैमजे मैक्डोनाल्ड अवॉर्ड
43. किस अधिनियम द्वारा विधान परिषद् के सदस्यों को बजट पर विवाद करने एवं सार्वजनिक हित के मुद्दों पर प्रश्न पूछने का अधिकार मिला?
   (a) 1873 के अधिनियम द्वारा
   (b) 1869 के अधिनियम द्वारा
   (c) 1861 के परिषद् अधिनियम द्वारा
   **(d) 1892 के परिषद् अधिनियम द्वारा**
44. संविधान के अनुच्छेद-356 से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
   1. राज्यों में सांविधानिक तंत्र की विफलता एक वस्तुनिष्ठ यथार्थ है।
   2. इस अनुच्छेद के अंतर्गत की गई उद्घोषणा का उच्चतम न्यायालय द्वारा न्यायिक पुनरावलोकन किया जा सकता है।
   3. इस उद्घोषणा के साथ ही, राज्य विधानसभा भंग की जा सकती है।
   4. इस उद्घोषणा का दो माह के भीतर संसद के प्रत्येक सदन से अनुमोदन किया जाना चाहिए।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही हैं?
   (a) 2, 3 और 4
   (b) 3 और 4
   (c) 1, 2 और 3
   **(d) 1, 2 और 4**
45. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए -

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (i) भारत शासन अधिनियम | 1. 1935 |
| (ii) क्रिप्स प्रस्ताव | 2. 1940 |
| (iii) अगस्त प्रस्ताव | 3. 1945 |
| (iv) वेबल प्रस्ताव | 4. 1942 |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| **(c)** | **1** | **4** | **2** | **3** |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

46. निम्नलिखित किस एक्ट के द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी पर संसदीय निरीक्षण की शुरूआत हुई?
   (a) 1861 के चार्टर एक्ट द्वारा
   **(b) 1773 के एक्ट द्वारा**
   (c) 1813 के चार्टर एक्ट द्वारा
   (d) 1784 के पिट्स इंडिया एक्ट द्वारा
47. महान्यायवादी तथा नियंत्रक और महालेखापरीक्षक का प्रावधान निम्न में से किस एक्ट में किया गया?
   **(a) 1935 का भारत शासन अधिनियम**
   (b) 1947 का भारत स्वतंत्रता अधिनियम
   (c) 1909 का भारत शासन अधिनियम
   (d) 1919 का भारत शासन अधिनियम
48. प्रथम भारत सचिव निम्न में से कौन बना था?
   (a) वॉरेन हेस्टिंग्स
   **(b) सर चार्ल्स वुड**
   (c) लॉर्ड केनिंग
   (d) माउंट बेटन
49. साइमन कमीशन के गठन का आधार निम्न में से कौनसा एक्ट है?
   (a) 1947 का भारत स्वतंत्रता अधिनियम
   (b) 1909 का भारत शासन अधिनियम
   **(c) 1919 का भारत शासन अधिनियम**
   (d) 1935 का भारत शासन अधिनियम
50. गवर्नर जनरल की कार्यकारिणी परिषद् में चुने जाने वाले प्रथम भारतीय हैं .......?
   (a) दादाभाई नौरोजी
   **(b) सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा**
   (c) पंडित जवाहर लाल नेहरू
   (d) ये सभी
51. महिलाओं को मताधिकार निम्न में से किस एक्ट द्वारा प्रदान किया गया?
   (a) 1935 का भारत शासन अधिनियम
   (b) 1909 का भारत शासन अधिनियम
   (c) 1947 का भारत स्वतंत्रता अधिनियम
   **(d) 1919 का भारत शासन अधिनियम**
52. भारत का प्रथम गवर्नर जनरल निम्न में से कौन बना?
   (a) लॉर्ड कर्जन
   (b) लॉर्ड कैनिंग
   (c) वॉरेन हेस्टिंग्स
   **(d) लॉर्ड विलियम बटिंक**

# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था
## (Indian Constitution & Polity)

53. विधान परिषद्, उच्च न्यायालय, विभागीय प्रणाली तथा गवर्नर जनरल को अध्यादेश जारी करने का अधिकार निम्न में से किस एक्ट की मुख्य विशेषता है?
(a) 1892 का भारत शासन अधिनियम
(b) 1858 का भारत शासन अधिनियम
(c) 1909 का भारत शासन अधिनियम
**(d) 1861 का भारत शासन अधिनियम**

54. निर्वाचन पद्धति की शुरूआत अर्थात् प्रतिनिधि शासन की नींव निम्न में से किस एक्ट द्वारा पड़ी?
(a) 1861 का भारत शासन अधिनियम
(b) 1909 का भारत शासन अधिनियम
(c) 1858 का भारत शासन अधिनियम
**(d) 1892 का भारत शासन अधिनियम**

55. जिला कलेक्टर के पद का गठन निम्न में से किस गवर्नर जनरल द्वारा किय गया?
(a) लॉर्ड विलियम बैंटिक
(b) लॉर्ड कर्जन
**(c) वॉरेन हेस्टिंग्स**
(d) लॉर्ड कैनिंग

56. राज्यों में पूर्ण उत्तरदायी सरकार की स्थापना निम्न में से किस एक्ट की मुख्य विशेषता है?
(a) 1919 का भारत शासन अधिनियम
**(b) 1935 का भारत शासन अधिनियम**
(c) 1947 का भारत स्वतंत्रता अधिनियम
(d) 1909 का भारत शासन अधिनियम

57. भारत शासन अधिनियम, 1935 की प्रमुख विशेषताएँ हैं -
1. भारत परिषद् का उन्मूलन
2. केन्द्र तथा राज्यों में शक्तियों का विभाजन
3. RBI का प्रावधान
4. संघीय न्यायालय का प्रावधान

कूट -
(a) 1, 2, और 3
(b) केवल 1
**(c) 1, 2, 3 और 4**
(d) 2 और 4

58. भारतीयों को वर्ष 1947 में सार्वभौम सत्ता सौंपने की योजना निम्न में से किस नाम से जानी गई?
(a) मिण्टो-मार्ले योजना
(b) वेवेल योजना
(c) डूरण्ड योजना
**(d) माउंट बेटन योजना**

59. निम्न कथनों पर विचार कीजिए -
1. भारत में पहली बार 1926 में ली आयोग की अनुशंसा पर लोकसेवा आयोग की स्थापना की गई।
2. भारत शासन अधिनियम, 1935 में संघीय एवं प्रांतीय, दोनों स्तरों पर लोक सेवा आयोगों की स्थापना का प्रावधाान था।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 2
(b) केवल 1
**(c) दोनों 1 और 2**
(d) न तो 1 और न ही 2

60. सुमेलित कीजिए -

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (i) सूरत विभाजन | 1. 1929 |
| (ii) साम्प्रदायिक अधिनिर्णय | 2. 1928 |
| (iii) सर्वदलीय सम्मेलन | 3. 1932 |
| (iv) पूर्ण स्वराज्य का संकल्प | 4. 1907 |
| | 5. 1905 |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| **(c)** | **4** | **3** | **1** | **5** |
| (d) | 2 | 5 | 4 | 1 |

61. मान्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार में प्रावधानों का सार था -
**(a) प्रान्तों में दोहरा शासन**
(b) राज्यपालों को वीटो शक्ति
(c) राज्यों की स्वायत्ता
(d) हिन्दू-मुस्लिम हेतु अलग-अलग निर्वाचन व्यवस्था

62. निम्न कथनों पर विचार कीजिए -
1. भारत शासन अधिनियम, 1919 (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1919) के अंतर्गत भारतीय व्यवस्थापिका में प्रतिनिधित्व बढ़ा दिया गया तथा पहली बार द्विसदनीय विधानमंडल बनाया गया।
2. भारत शासन अधिनियम, 1934 में यह प्रस्ताव था कि भारतीय प्रान्तों एवं रियासतों को मिलाकर एक संघ की स्थापना की जाएगी।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 2
(b) केवल 1
**(c) दोनों 1 और 2**
(d) न ही 1 न ही 2

63. केन्द्र में 'द्वैध शासन' किस अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित किया गया?
(a) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(b) भारत स्वतंत्रता अधिनियम, 1947
(c) 1909 के अधिनियम
**(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935**